प्रतियोगिता | जेनको क्रिकेट लीग प्रतियोगिता सीजन-3

हिटर्स व लीजेंड्स के बीच होगा खिताबी मुकाबला

नवभारत, जबलपुर, 13 फरवरी। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (जेनको) के तत्वावधान में रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 के फाइनल में हिटर्स और लीजेंड्स टीम के मध्य खिताब के लिए मुकाबला होगा।

पहले सेमीफाइनल में हिटर्स ने चार्जर्स को 6 विकेट और लीजेंड्स ने रॉयल्स को 9 विकेट से पराजित किया। 16 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे हिटर्स और लीजेंड्स के मध्य फाइनल मैच होगा। फाइनल मैच में पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर द्वय सुबोध निगम, मिलिन्द भान्दक्कर, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप सहित अन्य वरिष्ठ अभियंता एवं कार्मिक उपस्थित रहकर फाइनलिस्ट टीमों का जोश बढ़ाएंगे।

हिटर्स की धमाकेदार जीत

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हिटर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी चार्जर्स टीम ने संघर्षपूर्ण शुरुआत की। बल्लेबाज संदीप गोस्वामी ने 21 गेंदों पर 22 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का भरसक प्रयास किया। चार्जर्स की टीम 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 66 रन ही बना पायी। अतुल यादव ने 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिटर्स ने 7.3 ओवर में ही 6 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। शाहिद खान ने 19 और अतुल यादव ने 26 रन बनाकर पारी को मजबूती प्रदान की।

रॉयल्स बिखरी, लीजेंड्स जीती

दूसरे सेमीफाइनल में लीजेंड्स और रॉयल्स के बीच फाइनल में पहुंचने के लिए जबरदस्त जंग देखने को मिली। रॉयल्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.1 ओवर में मात्र 62 रन पर सिमट गई। लीजेंड्स की ओर से अंकित एडविन और प्रतीक नामदेव ने 3-3 विकेट झटके, जबकि कप्तान आसिफ खान ने 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। जवाब में लीजेंड्स ने मात्र 8.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला 9 विकेट से अपने नाम किया और फाइनल में हिटर्स से भिड़ंत तय कर ली। कप्तान आसिफ खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन 22 को

▸ 65 वर्ष से अधिक आयु के बाहरी प्रतिभागी भी भाग ले सकेंगे

नवभारत, जबलपुर । एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 44वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 22 फरवरी को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता प्रात: 6.30 बजे रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान से शुरू होगी।

तेज चाल प्रतियोगिता में बिजली कंपनियों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों के अलावा उनके पति-पत्नी, माता-पिता, सास-ससुर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के महिला-पुरूषों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है और इन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने पर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बाहरी महिला व पुरूष प्रतिभागियों को भी भाग लेने का अवसर दिया गया है।

13 वर्गों में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे

तेज चाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरूष व महिला प्रतिभागियों के लिए 21 वर्ष से 75 वर्ष तक की आयु समूह में कुल दस वर्ग बनाए गए हैं। सुरक्षा विभाग एवं खिलाड़ियों के लिए पृथक से तीन वर्ग बनाए गए हैं। सभी 13 वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

दौड़ने वाले होंगे अयोग्य

सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता तेज चाल के द्वारा ही पूर्ण करनी होगी और जो प्रतिभागी दौड़ेंगे उन्हें प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव वित्त देवेन्द्र चढ़ोकार, कार्यालय प्रभारी अजय उशेकरवार व एथलेटिक्स प्रभारी मिथिलेश सिंह से सम्पर्क कर सकते हैं।

कृषि विवि ने किसानों को दिए पादप किस्म संरक्षण प्रमाण पत्र

नवभारत,जबलपुर। वाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग विभाग द्वारा पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण- सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में देशी धान की पारंपरिक किस्मों का संरक्षण करने वाले किसानों को कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा रोली-टीका एवं पगड़ी पहनाकर पादप किस्म संरक्षण व कृषक अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतु ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट उपस्थित रहे। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा धान सहित अन्य पारंपरिक फसलों की नई किस्में विकसित की जा रही हैं, जिससे किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। उन्होंने पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. जी.के. कौतु ने बताया कि विलुप्त होती देशी धान की किस्मों, विशेषकर 'लुचई' सहित अन्य पारंपरिक प्रजातियों के पुनर्जीवन पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। डॉ. टी.आर. शर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता में परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ. स्तुति शर्मा की विशेष भूमिका रही। उनके प्रयासों से विश्वविद्यालय को अधिनियम के अंतर्गत मध्यप्रदेश से कृषक किस्मों के पंजीयन का गौरव प्राप्त हुआ है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश तिवारी ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. रजनी तोमर, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. शिवरामा कृष्णन, डॉ. राधेश्याम शर्मा, डॉ. विनोद गोयल, शिखा उपाध्याय, प्रशांत नामदेव, आयुषी सोनी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने किया।

सेमीफाइनल में रेलवे और सीपीडब्ल्यूडी की दमदार एंट्री

▸ कोऑर्डिनेशन कप 2026 के शनिवार को होंगे रोमांचक मुकाबले

नवभारत,जबलपुर। केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के तत्वावधान में आयोजित 'कोऑर्डिनेशन कप 2026' के क्वार्टर फाइनल मुकाबले शुक्रवार को रोमांचक रहे। पहले मैच में रेलवे स्टेडियम पर रेलवे ने एयरपोर्ट टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे मुकाबले में नर्मदा क्लब स्टेडियम पर सीपीडब्ल्यूडी ने ईपीएफओ को पराजित कर अंतिम चार में जगह बनाई।

रेलवे स्टेडियम में खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल में रेलवे और एयरपोर्ट टीम आमने-सामने थीं। रेलवे के पीसीपीओ एस.डी. पाटीदार, एयरपोर्ट डायरेक्टर आर.आर. पांडे तथा पूर्व दूरदर्शन निदेशक अविनाश दुर्गे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस जीतकर एयरपोर्ट ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया और सधी गेंदबाजी से रेलवे को 110 रनों पर रोक दिया। जवाब में एयरपोर्ट टीम 59 रन पर सिमट गई और रेलवे ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा मुकाबला नर्मदा क्लब स्टेडियम में ईपीएफओ और सीपीडब्ल्यूडी के बीच खेला गया। पीएफ कमिश्नर राकेश सहरावत से खिलाड़ियों का परिचय कराया गया। टॉस जीतकर सीपीडब्ल्यूडी ने क्षेत्ररक्षण चुना। पहले बल्लेबाजी करते हुए ईपीएफओ ने 101 रन बनाए, जिसमें निखिल मिश्रा ने 53 रन का योगदान दिया। जवाब में सीपीडब्ल्यूडी ने 10वें ओवर में तीन विकेट से जीत हासिल करते हुए 104 रन बनाए। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शर्मा और अरमान मलिक ने महत्वपूर्ण पारी खेली।

विजयी टीमें ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी

शनिवार 14 फरवरी को रेलवे स्टेडियम में सुबह 7:30 बजे पहला सेमीफाइनल आरपीएफ और पोस्ट ऑफिस के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल नर्मदा क्लब में रेलवे और सीपीडब्ल्यूडी के बीच होगा। दोनों विजेता टीमें सुबह 10 बजे रेलवे ग्राउंड पर फाइनल मुकाबले में ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी। प्रतियोगिता के दौरान आयकर अधिकारी स्टेनी जेवियर, संजय साहू, ईपीएफओ से रूप सिंह मरावी व विजय ठाकुर, जीएसटी से प्रशांत द्विवेदी तथा रेलवे से त्रिपाठी और पासवान सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

54 दिव्यांगों के बने दिव्यांगता प्रमाण पत्र

नवभारत,जबलपुर। दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड के लिये पंजीयन करने और दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय जबलपुर में आयोजित शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा 54 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इनमें अठारह वर्ष तक की आयु के 14 तथा अठारह वर्ष से अधिक की आयु के 40 दिव्यांगजन शामिल थे। प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित ने बताया कि उच्च न्यायालय की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी के निर्देशानुसार 18 वर्ष तक की आयु के दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन करने और दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आगामी सप्ताह भी जिले में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

ताप विद्युत यूनिट ने बनाए बिना रूके उत्पादन करने के रिकार्ड

जबलपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की दो ताप विद्युत यूनिट ने बिना रूके लगातार विद्युत उत्पादन करने का नया रिकार्ड बनाया। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने 500 दिन और सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 ने 100 दिन बिना रूके लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 देश के सार्वजनिक क्षेत्र की तीसरी व स्टेट सेक्टर की प्रथम विद्युत यूनिट जिसने लगातार 500 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से सतत् विद्युत उत्पादन कर रही है। सार्वजनिक क्षेत्र में एनटीपीसी की दो यूनिट क्रमश: 644 व 559 दिन तक संचालित रही हैं। पेशेवर रूख, प्रतिबद्धता और तकनीकी काबिलियत का उदाहरण है चचाई यूनिट-प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में किसी भी बिजली बनाने वाली यूनिट द्वारा हासिल किया गया लगातार चलने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।

खो-खो टूर्नामेंट में जबलपुर नोडल ओवरऑल चैंपियन

नवभारत, जबलपुर। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी श्रीराम कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो टूर्नामेंट में जबलपुर नोडल ओवरऑल चैंपियन बना। श्रीराम कॉलेज के प्लेयर्स का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा । पुरुष वर्ग में जबलपुर नोडल विजेता बना श्रीराम कॉलेज के खिलाड़ी अभिषेक पांडेय को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में भी जबलपुर नोडल विजेता बना श्रीराम कॉलेज की खिलाड़ी पूर्वा साहू को प्लेयर ऑफ़ दा टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला ।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर
रा.प्र.क्रं. 2412/अ-6/2025-26
जबलपुर दिनाक :- 02/02/2026
आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता महेशपुर प.ह.नं. 6 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश टेकचंदानी पति/ पिता झम्मटमल टेकचंदानी जबलपुर के द्वारा मौजा प.ह.नं. रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूनि खसरा नं. 29/1/4 रकवा 0.0470 हें. में से 3357 वर्गफुट भूमि पर वसीयत दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 18/02/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।
जारी दिनांक : - 02/02/2026
पेशी दिनांक : - 18/02/2026

तहसीलदार
गोरखपुर जबलपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

पर्यावरण संरक्षण, संतुलन में विद्यार्थी निभाएं जिम्मेदारी

नवभारत,जबलपुर। प्रकृति और पर्यावरण के महत्व को समझने के उद्देश्य से श्री गुरू तेग बहादुर खालसा कॉलेज के बीएड. विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन शुक्रवार को डुमना नेचर पार्क में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुभवात्मक अधिगम का महत्वपूर्ण माध्यम है। कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान जब प्रकृति के बीच प्रत्यक्ष अनुभव से जुड़ता है, तो वह अधिक स्थायी और प्रभावशाली बनता है। पर्यावरण संरक्षण, संतुलन के लिए छात्र जिम्मेदारी निभाएं। भ्रमण के दौरानसमूह गतिविधियों, अवलोकन कार्य और चर्चा के माध्यम से छात्रों ने जाना कि प्रकृति आधारित शिक्षण किस प्रकार रचनात्मक और प्रभावी बनाया जा सकता है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने डुमना नेचर पार्क की जैव-विविधता, विभिन्न वनस्पतियों, पक्षियों तथा प्राकृतिक संरचना का अवलोकन किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ.संध्या कोष्ठा, डॉ.शशि दुबे, डॉ.सिम्मी सिंह, डॉ.जया चतुर्वेदी, प्रियंका साहू, ममता गुप्ता, ष्ठा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर
रा.प्र.क्रं. 2419/अ-6/2025-26
जबलपुर दिनाक :- 02/02/2026
आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता महेशपुर प.ह.नं. 6 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेशपाल सैनी पति/ पिता जगन्नाथ जबलपुर के द्वारा मौजा महेशपुर प.ह.नं. हिरदेपुर रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूनि खसरा नं. 87/1 रकवा 1187.5 वर्गफुट भूमि पर विक्रय पत्र/बंटवारा / वसीयत / फौती नामातरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 18/02/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।
जारी दिनांक : - 02/02/2026
पेशी दिनांक : - 18/02/2026

तहसीलदार
गोरखपुर जबलपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर
रा.प्र.क्रं. 2418/अ-6/2025-26
जबलपुर दिनाक :- 02/02/2026
आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता महेशपुर प.ह.नं. 6 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार आहूजा पति/ पिता रामचंद्र आहूजा जबलपुर के द्वारा मौजा महेशपुर प.ह.नं. हिरदेपुर रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूनि खसरा नं. 87/1 रकवा 1187.5 वर्गफुट भूमि पर विक्रय पत्र/बंटवारा / वसीयत / फौती नामातरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 18/02/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।
जारी दिनांक : - 02/02/2026
पेशी दिनांक : - 18/02/2026

तहसीलदार
गोरखपुर जबलपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)
द्वितीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	Pro - 850 Date: 13/02/2026 2026_UAD_481995_1	संभाग क्रमांक 06-अंतर्गत मन्नूलाल हॉस्पिटल सी सी रोड निर्माण कार्य ।(CM Monit A+ मद)	तीन माह 7.62/- लाख	2000/- 7625/-	02/03/2026

नोट: - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

दहेज के लिए नवविवाहिता को घर से निकाला

नवभारत, जबलपुर। माढ़ोताल निवासी महिला को दहेज लोभियों ने घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी पति, जेठ, जेठानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को श्रीमति रचना सेन उम्र 32 वर्ष निवासी मदर टेरेसा माढोताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी शादी जुलाई 2024 को हिन्दु रीतिरिवाज से मदर टेरसा निवासी विनय सेन के साथ हुई थी शादी में माता पिता सामार्थ्ययानुसार सामान दिया था शादी के बाद से जेठानी ने उसके सारे जेवर सम्भाल कर रखने के लिए कहकर ले लिये थे। 15 दिन बाद पति विनय सेन , जेठानी निकिता, जेठ कपिल, कम दहेज को लेकर उसे परेशान करने लगे। पति द्वारा मारपीट की जाने लगी थी। इसके बाद उसे मायके छोड़कर चले गए और कहने लगे कि पैसें लेकर आना वरना मत आना।

MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No:0761 - 2702473, 2702442, e-mail: cepurez@yahoo.in, CIN: U40109MP2002SGC015120,
No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/IV/3105 **ONLINE TENDER** Jabalpur, dtd:- 10.02.2026
Online Tenders are invited for following items:-

Sr. No.	T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM /EZ/ PUR	NAME OF ITEMS	APPROX. VALUE (Rs. in Lakhs)	TENDER FEE (in Rs)	Due date & times of Opening of Tender online from 15.00 Hrs (*)
1.	TS-1660 (E-Tender No. 2026_PKVVC_480386_1)	Hiring of 01 no. Innova (Base Model) or Equivalent Vehicle for office of CGM (S&P), MPPKVVCL, Jabalpur	5.55	1180	26/02/2026

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno- commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
" विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू. 50,000 तक का इनाम। "
C.G.M. (S&P)

न्यायालय तहसीलदार, निवास, जिला-मण्डला
उद्घोषणा
ग्राम-गज्जूदेवरी, प.ह.न.- 31
रा.नि.म.-निवास, तहसील-निवास

एतद दवारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गज्जूदेवरी को सूचित किया जाता है कि ग्राम गज्जूदेवरी प.ह.स. 31 राजस्व निरीक्षक मण्डल निवास स्थित भूमि ख.न. 197/1 रकबा 39.24 हे. भूमि मध्यप्रदेश शासन को Narmada Valley Development Authority संस्था का प्रकार अन्य संस्था का पता Narmada Vikas Sambhag No.2 infront of State Bank (Main branch) Civil Line, Mandla द्वारा नगरेत्तर तहसील व जिला मण्डला हेतु उपरोक्त भूमि बसानिया बाँध परियोजना से प्रभावित क्षेत्र के क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु चाही गई है। उपरोक्त भूमि मान्य कर प्रस्तावित की गई है। उक्त भूमि नजूल निवर्तन निर्देश नियम 2020 के तहत आवंटित/हस्तांतरित किया ज़ाना प्रस्तावित किया गया है । संबंधित विभाग के प्रयोजन हेतु आवंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय मण्डला द्वारा प्रतिवेदन चाहा गया है। अत: उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति पेश करना है तो वह स्वयं या किसी अधिकता के माध्यम से पेश कर सकता है, समयावधि पश्चात कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनाक 05/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 06/02/2026
पेशी तारीख : 21/02/2026
जी-25788/25
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
तहसीलदार
निवास, जिला-मण्डला